प्रेस नोट दिनांक 26-08-2023

(1). आज दिनाँक 26.08.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(2). आज दिनांक 26.08.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गये।

(3). पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रामप्रवेश यादव तथा उनकी टीम द्वारा मुकदमा नम्बर 38/2018 धारा 147/323/504/506 भादवि0 के वारंटी उमाकान्त दुबे पुत्र देवमुनि निवासी ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री रामप्रवेश यादव थाना बहिलपुरवा
2. आरक्षी हेमन्त साहू

(4). आज दिनाँक-26.08.2023 को श्रीमान अपर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री कुँवर बहादुर सिंह की अध्यक्षता तथा अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना बहिलपुरवा में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये, भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

समाधान दिवस में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(5). आज दिनाँक-26.08.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में, क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय की उपस्थिति में थाना कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से

सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान थाना कोतवाली कर्वी में प्रभारी निरीक्षक श्री गुलाब त्रिपाठी तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

(6). आज दिनाँक-26.08.2023 को उप जिलाधिकारी मानिकपुर श्री रामजनम यादव क्षेत्राधिकारी मऊ श्री राजकमल की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री वीर प्रताप सिंह एवं थानाध्यक्ष मारकुण्डी श्री अनिल कुमार की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(7). आज दिनाँक-26.08.2023 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय की अध्यक्षता में थानाध्यक्ष भरतकूप श्री सूबेदार बिन्द के उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(8). आज दिनाँक-26.08.2023 को उपजिलाधिकारी महोदय राजापुर श्री प्रमोद झा एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में अपराध निरीक्षक राजापुर श्री राजकुमार की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।